| Name | | Roll Number | |
|---|---|---|---|

**SET B**

# INDIAN SCHOOL MUSCAT
## MIDDLE SECTION
## ANNUAL EXAMINATION 2019-20

## HINDI (SECOND LANGUAGE)

Code:MWHN204

CLASS: V — Time Allotted: 2 ½ Hrs.

10.03.2020 — Max .Marks: 80

**निर्देश :**

* **इस प्रश्न पत्र में तीन खण्ड हैं। खंड (क) खंड (ख) और खंड (ग)।**
* **इस प्रश्न पत्र में कुल 16 प्रश्न हैं।**
* **प्रश्न पत्र में कोई उत्तर न लिखें।**
* **हर प्रश्न को ध्यान से पढ़कर उसके सही उत्तर दें।**

### खण्ड (क) पदय व गदय

Marks

**प्रश्न 1. निम्नलिखित पंक्तियों को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए।** **5×1=5**

(क) **हम दीन-हीन निबलों विकलों के , सेवक बन संताप हरें।**

1) कवि के अनुसार दीन-हीन कौन हैं?
2) 'संताप हरने' का क्या अर्थ हैं ?
3) 'निवलों ' शब्द का क्या अर्थ है?
4) 'सेवक 'शब्द किसके लिए प्रयोग किया गया है?
5) हमें किनकी सेवा करनी चाहिए?

(ख) **"चार्ल्स प्रथम के निजी चिकित्सक डाक्टर हार्वे ने रक्त संचार प्रणाली पर अनुसंधान किया।"** **5×1=5**

1) डॉक्टर हार्वे कौन थे?
2) रक्त का दूसरा नाम क्या है?
3) 'निजी चिकित्सक' किसे कहते हैं?
4) डाक्टर हार्वे ने किस पर अनुसंधान किया?
5) 'अनुसंधान' शब्द का अर्थ लिखिए।

**प्रश्न 2. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक-एक वाक्य में लिखिए।** **6×1=6**

1) फूलों को कौन नहलाता है?
2) अब्राहम सड़क की रोशनी में क्यों पढ़ता था ?
3) रक्त कण शरीर के किस भाग में बनते हैं?
4) फूलों के हृदय की कली कौन खिलाता है?
5) कवि शक्ति किससे और क्यो माँग रहा है?
6) अब्राहम लिंकन का जन्म कहाँ हुआ था?

**प्रश्न 3. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दो-दो वाक्यों में लिखिए। (Any 3)** **3×2=6**

1) 'अनीमिया' किसे कहते हैं?
2) अब्राहम लिंकन के जीवन से हमें क्या प्रेरणा मिलती है?
3) 'दानी पेड़' शीर्षक कहानी हमें क्या सीख देती है?
4) फूलों के माध्यम से कवि क्या कहना चाहता है?

**प्रश्न 4. निम्नलिखित शब्दों के अर्थ हिन्दी में लिखिए।** **6×1=6**

1) पवन 2) निज 3) जग 4) अभिमान 5) सुगंध 6) उपकार

**प्रश्न 5. निम्नलिखित वाक्यों में रिक्त स्थानों की पूर्ति पाठ के आधार पर कीजिए।** **5×1=5**

1) कड़े परिश्रम से अब्राहम ने ―――――― पास की।
2) उसने फल तोड़कर ―――――― किए।
3) पिता के साथ चर्च में जाने पर वह पादरी का ―――――― बड़े ध्यान से सुनता था।
4) माँ ने नेहा को ―――――― सुनाने का मन बनाया।
5) लड़का फूल इकट्ठा करके उनकी ―――――― बनाता था

**प्रश्न 6. निम्नलिखित शब्दों से अर्थपूर्ण वाक्य बनाइए।** **4×1=4**

1) अचानक 2) रोशनी 3) पट्टी 4) छाया

**प्रश्न 7. निम्नलिखित खाली स्थान पर सही शब्द चुनकर लिखिए।** **6×½=3**

1) मेरे पास केवल ―――――― और फल हैं। (पैसे, पत्ते)
2) वह खाने के खर्च में से पैसे बचाकर ―――――― ले आता था। (किताबें , कपड़े)
3) अब्राहम किताब पढ़कर बेच देता और ―――――― किताबें खरीद लेता। ( पुरानी , नई )
4) पेड़ ने कहा, " यह ―――――― ही मेरा घर है।" (गाँव , जंगल)

5) रक्त की इतनी रोचक कहानी सुनकर नेहा बहुत ________ हुई। (खुश , दुखी)

6) मेरे फल खाओ, मेरी ________ में खेलो और खुश रहो। (छाया , गोद)

## खण्ड (ख) व्याकरण

**प्रश्न 8. निम्नलिखित शब्दों के दो-दो अनेकार्थी शब्द लिखिए।** **3**

1) पत्र 2) जल 3) पद

**प्रश्न 9 (क) निम्नलिखित वाक्यों में कारक चिह्न पहचानकर लिखिए।** **$6 \times \frac{1}{2} = 3$**

1) नानी ने मेरे लिए गुड़िया खरीदी।
2) पेड़ से पत्ते गिरे।
3) अरे मोहन! मेरी बात सुनो।
4) मोहन ने मुझे अपने घर बुलाया।
5) सूटकेस में कपड़े रखे हैं।
6) पेन का रंग लाल है।

**(ख) निम्नलिखित कारक चिह्नों से वाक्य बनाकर लिखिए।** **$2 \times 1 = 2$**

1) के लिए 2) के

**प्रश्न10 (क) निम्नलिखित वाक्यों में क्रिया शब्द पहचानकर लिखिए।** **$4 \times \frac{1}{2} = 2$**

1) माँ कपड़े सिल रही है।
2) चिड़िया दाना चुगने लगी।
3) आकाश में काले बादल आ रहे थे।
4) पिताजी ने पत्र लिखा।

**(ख) निम्नलिखित क्रिया शब्दों से वाक्य बनाकर लिखिए।** **$2 \times 1 = 2$**

1) गया 2) खेल

**प्रश्न 11. निम्नलिखित वाक्यों में काल पहचानकर काल भेद का नाम लिखिए।** **$3 \times 1 = 3$**

1) कल जोर से वर्षा होगी।
2) भारतीय क्रिकेट टीम मैच खेलने विदेश गई थी।
3) बंदर केले खा रहे हैं।

**प्रश्न 12. निम्नलिखित शब्दों के वचन बदलकर लिखिए।** **$4 \times \frac{1}{2} = 2$**

1) महिला 2) किताब 3) तना 2) घर

**प्रश्न13 (क) निम्नलिखित वाक्यों में विशेषण पहचानकर लिखिए।** **$6 \times \frac{1}{2} = 3$**

1) पिता जी ने दो लडडू खाए।
4) यह पेन किसका है?

2) तोता हरी डाल पर बैठा था।

3) मैने मीठा आम खाया।

5) भूखे आदमी को रोटी दो।

6) एक लीटर दूध से चाय बनाओ।

**(ख) निम्नलिखित विशेषण शब्दों से अर्थपूर्ण वाक्य बनाइए।** **2×1=2**

1) पाँच किलो 2) सुंदर

## खण्ड (ग) रचना

**प्रश्न 14. दिए गए चित्र को देखकर इसका वर्णन 20-25 शब्दों में कीजिए।** **3**



**प्रश्न 15. नीचे लिखे गदयांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए।** **5×1=5**

स्वस्थ रहने के लिए हरी सब्ज़ियाँ और मौसमी फल खाने चाहिए। गाजर, मूली, करेला, लौकी, खीरा, आदि सब्ज़ियों का सेवन रोगों को दूर कर देता है । सेब, केला, पपीता, आम, संतरा आदि फल हमें ऊर्जा प्रदान करते हैं। तली हुई वस्तुएँ खाने से खास तौर पर बचना चाहिए। समोसे, बर्गर, पीजा, फास्ट- फूड आदि चीजें पाचन शक्ति को कमजोर कर देते हैं। चॉकलेट और टॉफियाँ दाँतों की शत्रु हैं। स्वस्थ रहने के लिए खान-पान पर विशेष ध्यान देना चाहिए।

**प्रश्न -**

1) **किन चीज़ों का सेवन रोगों को दूर कर देता है?**

2) **पाचन शक्ति को कौन कमज़ोर कर देता है?**

3) **हरी सब्जियाँ और फल हमें क्या देते हैं?**

4) **स्वस्थ रहने के लिए हमें क्या करना चाहिए?**

5) **गदयांश के लिए उचित शीर्षक लिखिए।**

**प्रश्न 16. किसी एक विषय पर लगभग 60-80 शब्दों में निबंध लिखिए।** **10**

1) मेरा प्रिय त्योहार 2) पेड़ बचाओ 3) सरदी की छुट्टियाँ

End of the question paper.